हिन्दुस्तान
फरीदाबाद • रविवार • 24 मार्च 2019

वोट का महत्व बता छात्रों को मतदान के लिए प्रेरित किया

बल्लभगढ़ | हमारे संवाददाता

शिविर

- अग्रवाल कॉलेज में एनएसएस शिविर के पोस्टर बनाए गए
- भाषण प्रतियोगिता में वक्ताओं ने मतदान पर व्यापक चर्चा की

अग्रवाल कॉलेज में लगे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के छठे दिन शनिवार की शुरुआत प्रार्थना व योग के साथ हुई। इस दौरान इकाई दो व तीन के स्वयंसेवक व सेविकाओं ने पोस्टर मेकिंग व भाषण प्रतियोगितायों में भाग लिया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का विषय पर्यावरण संरक्षण था, जबकि भाषण प्रतियोगिता का विषय स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व वोट का महत्व तथा कौशल विकास थे।

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में इकाई दो से शिल्पी गोयल प्रथम, सीमा द्वितीय, पूजा ने तीसरा स्थान हासिल किया। इकाई तीन से सूचि प्रथम, प्रिया दूसरे व शिवानी तीसरे स्थान पर रही।

भाषण प्रतियोगिता में इकाई दो की सपना ने प्रथम, योगिता ने दूसरा तथा राखी ने तीसरा स्थान हासिल किया। इकाई तीन से निकिता ने प्रथम, भावना ने दूसरा व यश लवली ने तीसरा स्थान हासिल किया। दोपहर में ट्रैफिक ताऊ विरेंद्र बलहारा ने स्वयंसेवक व सेविकाओं को यातायात के नियमों की जानकारी दी।